- **हिस्ट्री ऑफ मेडीवल हिन्दू इण्डिया** (सी.वी .वैद्य) - **महाभारत** की शाल्व जाति की बस्तियाँ **भीनमाल** में **सांचौर** और **सिरोही** के आसपास मिलती है।

राजस्थान का प्रारंभिक ऐतिहासिक काल

महाजनपद काल (1000 ईसा पूर्व -300 ईसा पूर्व):

- **वैदिक भारत** का अंत **भाषाई**, **सांस्कृतिक** और **राजनीतिक** परिवर्तनों द्वारा चिह्नित।
- 6 वीं शताब्दी ईसा पूर्व तक, **राजनीतिक इकाइयाँ** बड़े राज्यों में समेकित हो गईं - **महाजनपद**।
- **महाजनपद युग** - दूसरे शहरीकरण की अवधि।
- **राजस्थान** -आधुनिक राज्य नीचे वर्णित कई महाजनपदों का हिस्सा था:

जनपद	विवरण

मच्छा/ मत्स्य महाजनपद [JEN -22/ RPC–22]	• **जिले -** जयपुर, अलवर और भरतपुर के आधुनिक हिस्से।
	• **राजधानी** - विराटनगर (बैराठ)
	  ○ इसका नाम संस्थापक **राजा विराट** के नाम पर रखा गया ।
	• 5वीं शताब्दी में पड़ौसी **चेदी साम्राज्य** के नियंत्रण में आ गया।
	• **सर्वप्रथम उल्लेख** - ऋग्वेद में
	  ○ **मत्स्य निवासी** - सुदास का क्षत्रु
	• **मीणाओं** का शासन

शूरसेन महाजनपद [REET - 18]	• **राजधानी** - मथुरा। • **जिले** - अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर और करौली। • **यदुवंशी शासको** का शासन ○ **भगवान कृष्ण** से संबंधित
कुरु महाजनपद	• **राजधानी** - इंद्रप्रस्थ। • उत्तरी **अलवर क्षेत्र** का भाग ।
अर्जुनायन जनपद [JEN -20]	• **क्षेत्र** : वर्तमान भरतपुर-अलवर • **शुंग काल** (185 - 73 ईसा पूर्व) के दौरान एक **राजनीतिक शक्ति** के रूप में उभरे।

राजन्य जनपद	• वर्तमान **भरतपुर क्षेत्र** में विस्तृत
	• स्थिति पर विभिन्न मत:
	  ○ **कनिंघम** - मथुरा के निकट
	  ○ **स्मिथ** - पूर्व धौलपुर राज्य राजन्य का मूल घर है।
	  ○ **रैपसन** - उसी क्षेत्र को अर्जुनायण और मथुरा के राजाओं के क्षेत्राधिकार के रूप में वर्णित।

शिवि जनपद [EO/RO - 23/ASO - 22]	• **क्षेत्र**- माध्यमिका या मज्झिमिका (चित्तौड़)। • **अन्य नाम** - प्राग्वाट , मेदपाट • **राजधानी** - शिवपुर । • **उल्लेख** - पाणिनि के अष्टाध्यायी में।
मालव जनपद [Raj Police – 2018]	• **क्षेत्र**- टोंक जिला स्थित नगर व् कर्कोटनगर • राजस्थान के जनपदों में सर्वाधिक सिक्के **मालव जनपद** से प्राप्त है। • **राजधानी**- मालवनगर
शाल्व	• **क्षेत्र**- मत्स्य राज्य के उत्तर में अलवर में । • **राजधानी**- मृत्तिकावती
यौद्धेय [Agri Of - 21/JEN - 22/AAO - 22]	• **सिंधु नदी और गंगा नदी** के बीच के क्षेत्र में स्थित। • **क्षेत्र**: वर्तमान गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले व बीकानेर के कुछ भाग । • उल्लेख **पाणिनि के अष्टाध्यायी और गणपथ** में मिलता है। • रंगमहल में नहर के अवशेष • बाद में **गुप्त साम्राज्य** के अधीन • गणतांत्रिक जनजाति के सर्वाधिक मिक्के

महाभारतकालीन सभ्यता

- **कुरु जांगल** - वर्तमान बीकानेर [aj Police – 18]
- **मद्र जांगल** - जोधपुर
- इस काल में **शाल्व जाति** की बस्तियों का **उल्लेख** मिलता है जो भीनमाल, सांचौर और सिरोही के निकट स्थित थी।

मौर्य युग

- मत्स्य जनपद का भाग **मौर्य शासकों के अधीन** आ गया ।
- **अशोक का भाब्रू शिलालेख** - अति-महत्त्वपूर्ण है।
  - **राजस्थान** में मौर्य शासन तथा **अशोक के बौद्ध** होने की पुष्टि करता है।
- अशोक के उत्तराधिकारी **कुणाल के पुत्र सम्प्रति** द्वारा बनवाये गये मंदिर मौर्य वंश के प्रभाव की पुष्टि करता है।
- **कुमारपाल प्रबंध** तथा अन्य **जैन ग्रन्थ** से पता चलता है कि चित्तौड़ का किला व एक चित्रांग तालाब **मौर्य राजा चित्रांग** द्वारा बनवाया गया था।
- **चित्तौड़** - मानसरोवर तालाब - **मौर्यवंशी राजा मान** का शिलालेख।
- **जी.एच. ओझा**- चित्तौड़ का किला मौर्य वंश के **राजा चित्रांगद** ने बनाया था।
  - 8वीं शताब्दी में **बापा रावल** ने **मौर्य वंश के अंतिम राजा मान** से यह किला छीना था।
- **कोटा के कणसवा गाँव** - **मौर्य राजा धवल** का शिलालेख - राजस्थान में मौर्य राजाओं एवं उनके सामंतों का प्रभाव

- कुषाण शासकों के सम्पर्क ने राजस्थान के पत्थर और मृण्मय मूर्ति-कला को एक नवीन मोड़ दिया जिसके नमूने अजमेर के नाद की शिव प्रतिमा, साँभर का स्त्री धड़ अश्व तथा अजामुख ह्याग्रीव या अग्नि की मूर्ति अपने आप में कला के अद्वितीय नमूने है। [Raj Police – 2018]

विदेशी जातियों का आक्रमण

- मौर्यों के बाद विदेशी जातियों के आक्रमण बढ़ गए।
- यौधेय वंश ने राजस्थान से कुषाण सत्ता को ख़त्म किया।
- 150 ई.पू. में यूनानी शासक मिनाण्डर ने मध्यमिका नगरी को अपने अधिकार में कर राज्य की स्थापना की।
- प्रथम शताब्दी ई.पू. में पश्चिमी राजस्थान में सीथियन (कुषाण, पल्लव, शक) आक्रमण आरम्भ हुए।

सिकंदर के आक्रमण के बाद राजस्थान (326 ई.पू.)

- 326 ईसा पूर्व - **सिकंदर** द्वारा **भारत पर आक्रमण**
  - कभी **राजस्थान** नहीं पहुँचा।
  - हालाँकि, आक्रमण ने **भारतीय इतिहास** को गहराई से प्रभावित किया।
- **प्रभाव**
  - कमजोर दक्षिण पंजाब की **गणतांत्रिक जनजातियाँ** - **मालव**, **शिवी और अर्जुनायन** राजस्थान चले आए ।
  - **पंजाब और राजस्थान** - कई कुलीन वर्गों, या आदिवासी गणराज्यों के केंद्र।
- सिक्कों के अनुसार, राजस्थान के **राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण गणराज्य:**

औदंबर, अर्जुनायन, मालव, कुणिंद, त्रिगर्त, अभिरस, यौद्धेय और शिबी (शिवी)।

गुप्तकाल

- **कुषाणों** का पतन → **प्रयाग** और **पाटलिपुत्र** में गुप्तों का आविर्भाव → **समुद्रगुप्त** और **चन्द्रगुप्त द्वितीय** बड़े प्रसिद्ध थे।
- **प्रयाग प्रशस्ति** - समुद्रगुप्त ने **यौद्धेय**, **मालव** एवं **आभीर** जनजातियों को पराजित किया किंतु प्रत्यक्ष नियंत्रण में नहीं लाया।
  - उसके स्थान पर **सर्वकर्मदान प्रणाम आज्ञाकरण की नीति** अधिरोपित की।

- बयाना (भरतपुर) से गुप्त शासकों की सर्वाधिक स्वर्ण मुद्राएं (लगभग 2000) मिली हैं।
- इनमें से सर्वाधिक सिक्क्के चंद्रगुप्त द्वितीय के हैं।

- **पश्चिमी भारत** - **शकों** का प्रभाव → **चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य** ,शक शासक **रूद्र सिंह** को पराजित करता है तथा → पश्चिमी भारत में **गुप्तों का आधिपत्य** स्थापित ।
- गुप्तों का **राजस्थान** में प्रत्यक्ष शासन नहीं
  - परंतु निश्चित रूप से राजस्थान में **गुप्तों का शासन** रहा होगा।
    - **जनजातीय राज्यों** की उपस्थिति ।
- **वरीके वंश**
  - 371 ई. के **विजयगढ़** (बयाना) **प्रस्तर शिलालेख** से विष्णुवर्धन नामक वरीक वंश के राजा का उल्लेख ।
  - **पिता** : यशोवर्धन
  - संभवतः **समुद्र गुप्त** के सामंत थे।
- **औलीकर वंश**
  - 423 ई. - **झालावाड़** से एक शिलालेख - दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में **औलीकर वंश का शासन** था।
  - लेख में **विष्णु वर्मन नामक शासक** का वर्णन था।
  - इस वंश का संबंध **वर्धन वंश** से भी जोड़ा जाता हैं।

हूणों का आक्रमण

- **गुप्त साम्राज्य** का पतन → **केन्द्रीय शक्ति** का अभाव → गणतंत्रीय जातियाँ **(मालव, यौद्धेय, शिवि)** आपस में लड़कर कमजोर।
- 5वीं शताब्दी का अंत - **हूण राजा तोरमाण** का राजस्थान पर आधिपत्य ।
  - इनके पुत्र **मिहिर कुल** ने विराटनगर के **बौद्ध विहारों** तथा गंगानगर क्षेत्र में **रंगमहल**, **बडोपल, पीर सुल्तान की थड़ी** आदि स्थानों से सभ्यता के चिन्ह नष्ट किये।
  - **बाडोली** (कोटा) - **मिहिर कुल** का बनवाया हुआ शिव मंदिर - जीर्ण-शीर्ण अवस्था में मौजूद है।
- बाद में राजस्थान के राजपूतों से घुल मिल गये और **राजपूतों से विवाह** संबंध भी स्थापित किये।
  - **गुहिल नरेश अल्लट** - हूण राजकुमारी हरियादेवी से विवाह।
- **हूण आक्रमण** का अंत - **मालवा के शासक यशोवर्मन** द्वारा
  - लगभग 532 ई. में हूणों को परास्त करने में सफल।

- 9वीं शताब्दी में उत्तर भारत में **पुष्यभूमि शासकों का वर्चस्व** - सम्राट हर्षवर्धन प्रमुख।
  - राजस्थान के अनेक अभिलेखों में **हर्ष संवत्** अंकित - **हर्ष के साम्राज्य का विस्ता**र चिन्हित।
- इसके बाद का काल - **राजपूत शक्ति का उदय** काल।

राजपूत युग एवं उत्पति सिद्धांत

- **वर्धन वंश के पतन** से लेकर भारत में दिल्ली सल्तनत की स्थापना का काल राजपूत काल के नाम से जाना जाता है।
  - **राजपूत काल:** 7वी - 12वीं शताब्दी। [Raj Police -22]
  - **तिथि क्रम** - 650 ई. से 1200 ई. के बीच।
- '**राजपूत**' शब्द भारत में **मुसलमानों के आने के बाद** प्रचलन में आया।
- **प्रमुख राजपूत राजवंश:**
  - मारवाड़ के प्रतिहार और राठौड़
  - अजमेर के चौहान
  - मेवाड़ के गुहिल
  - शाकम्बरी के चौहान
  - चित्तौड़ के मौर्य
  - भीनमाल और आबू के चौहान
  - जैसलमेर के भाटी
  - आमेर के कच्छवाह

राजपूतों की उत्पत्ति

- सम्राट हर्षवर्धन के बाद **राजस्थान की स्थिति केन्द्रीय सत्ता** के अभाव में विकट हो चली थी ।
  - **विदेशी जातियाँ** (दूसरी शताब्दी ई.पू. से 6ठी शताब्दी) धीरे-धीरे स्थानीय जातियों के साथ सम्मलित होने लगी
- **इनसे एक नई जाति** का जन्म हुआ।
  - **राजनीतिक व्यवस्था** - क्षत्रियों के रूप में ग्रहण
  - इन समूहों के नेता और अनुयायी - **राजपुत्र**।
  - बाद में **राजपूत** कहलाने लगे।
  - **निवास स्थान** - राजपूताना/ राजस्थान

राजपूताना शब्द - जॉर्ज थॉमस (1800 ई.) द्वारा [Raj Police -20/ATP – 2022]

- 13वीं शताब्दी तक राजस्थान के बड़े भाग पर **राजपूतों का वर्चस्व** स्थापित हुआ।
- इनका **भील, मेव, मीणों** आदि से संघर्ष हुआ ।
  - जेता, कोट्या, डूंगरिया भील, मीणों तथा राजपूतों के मध्य संघर्ष के प्रमाण मिले।

अग्निवंशीय मत

- **चन्दबरदाई कृत पृथ्वीराज रासो**- राजपूतों अग्निवंशीय। [JEN -2020/ Animal Ass -2018]
  - **वशिष्ठ ऋषि** के यज्ञकुण्ड से राक्षस संहार हेतु **राजपूतों के चारों वंश प्रतिहार, परमार, चालुक्य और चौहानों** की उत्पत्ति । [IEO -2018]
- चारों राजपूत वंशों ने **विशुद्धता पुष्टि** के लिये इस मत को अपना लिया।
- अनेक इतिहासकार इस मत से सहमत नहीं थे।
  - 6 से 16वीं शताब्दी के **अभिलेखों और साहित्यिक ग्रन्थ** - चारों में से **तीन वंश सूर्यवंशी और चंद्रवंशी**।

सूर्य और चंद्रवंशीय मत

- **डॉ. ओझा:** राजपूतों की उत्पत्ति सूर्य और चंद्रमा से - **सूर्यवंशीय और चंद्रवंशीय**
- डॉ. दशरथ शर्मा भी इस का समर्थन करते हैं ।
- **आबू शिलालेख** - गुहिल वंशीय राजपूतों की उत्पत्ति रघुकुल से ।
- वंशावली लेखकों ने **राठौड़ों को सूर्यवंशीय** तथा **यादवों, भाटियों और चन्द्रावती के चौहानों को चंद्रवंशीय** बताया है।

वैदिक आर्यों की संतान का मत - सी.वी. वैद्य [3rd Grade 2009]

ब्राह्मण वंशीय मत - डॉ. डी.आर. भंडारकर, डॉ. गोपीनाथ शर्मा

मिश्रित अवधारणा - देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय

प्राचीन आदिम जातियों गोंड, खोखर, भर आदि के **वंशज** - स्मिथ

- वैद्य प्रतिहारों को जो गुर्जर कहा गया है वह जाति की संज्ञा से नहीं, वरन उनका गुजरात पर अधिकार होने से कहा गया है।
  - इसलिए यह मत उचित नहीं कि राजपूतों की उत्पत्ति गुर्जरों से हुई है।

विदेशी वंश से उत्पत्ति

- शक, कुषाण, हूण आदि विदेशी जातियों की संतान - **इतिहासकार कर्नल जेम्स टॉड**। [FSO – 2019]
  - **पुस्तक एनल्स एण्ड एन्टीक्वीटिज** - राजपूत शक और सीथियन।
  - **प्रमाण:** राजपूतों की प्रथायें जैसे सती प्रथा, अश्वमेघ यज्ञ, सूर्योपासना, शस्त्रों ओर घोड़ों की पूजा, आदि शकों से मिलती जुलती है।
- गुर्जर मानकर विदेशी वंशीय मत को मान्यता - **डॉ. भण्डारकर**
  - **प्रमाण**: पुराणों में गुर्जर और हूणों का वर्णन विदेशियों के सन्दर्भ में दिया गया है।
- **डॉ. गोपीनाथ शर्मा** - अग्निवंशीय प्रतिहार, परमार, चालुक्य और चौहान भी गुर्जर थे।
  - **प्रमाण:** राजोर अभिलेख में प्रतिहारों को गुर्जर कहा गया है।
  - **यू-ची (कुषाण) जाति के वंशज** - ब्रोचगुर्जर ताम्रपत्र के आधार पर कनिंघम [Patwar – 2016]

3 CHAPTER मेवाड़ का इतिहास

- **मेवाड़** - गुजरात और मध्य प्रदेश की सीमा से लगा **राजस्थान का दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र**।
- **जिले:** भीलवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ और उदयपुर
- **विस्तार-**
  - **उत्तर पश्चिम:** अरावली से घिरा हुआ।
  - **दक्षिणी क्षेत्र :** पहाड़ी - जंगलों से युक्त ।
- **मूल रूप से मेदपाट (**मेर/ मेद् जाति के अधीन) - समय के साथ भ्रष्ट रूप में मेवाड़ बन गया।
  - **अन्य नाम** - प्रग्वाट, शिवी, मेदपाट
- **संरक्षक देवता:** एकलिंगजी - गुहिलों द्वारा निर्मित 10वीं शताब्दी के सबसे पुराने मंदिरों में से एक।
  - **उदयपु**र के पास स्थित
  - वर्तमान मंदिर पूर्व मंदिर के खंडहरों पर
  - ग्रेनाइट में **शिव की 4 मुखी छवि** के लिए प्रसिद्ध।

मेवाड के महत्वपूर्ण शासक

गुहिल - सिसोदिया वंश

- **आदि पुरुष:** गुहिल/ गुहादत्त (566 ईस्वी) [Raj Police – 2020]
- **पिता**:शिलादित्य
- **माता:** पुष्पवती
- मुहणौत नैणसी ने गुहिलों की कुल **24 शाखाओं** का वर्णन किया है। [Prot Offi -2019]

बापा रावल

- बप्पा रावल का जन्म वि.सं. 769 (712-13 ई.) में माना जाता है।
- इस प्रकार **हारित ऋषि** के आशीर्वाद से **बापा को मेवाड़ का राज्य** प्राप्त हुआ।

  बप्पा की माता और पत्नी ने नागदा में शिव के दो मंदिर बनवाये जो अब सास- बहू के मंदिर के नाम से विख्यात है।
- राज प्रशस्ति के अनुसार बप्पा ने 734 ई. में चित्तौड़ के शासक मान मोरी को हराकर उस पर अधिकार कर लिया। [Raj Police -2022]
- **राजधानी** - नागदा
- **उपाधि** - शील, महेन्द्र, खुम्माण और कालभोज, राजगुरु, चक्कवै। [जेल प्रहरी – 2017]
- पूर्वजों की भाँति **सोने के सिक्के** चलाये जो वैभव का प्रतीक है।
- 734 ईस्वी - बापा ने मान मोरी को परास्त कर चित्तौड़ पर कब्ज़ा किया।
- **रावलपिंडी** का नाम उन्हीं के नाम पर पडा।
- उसने उदयपुर के निकट **कैलाशपुरी में एकलिंग (लकुलीश) जी के मंदिर** का निर्माण करवाया।

अल्लट

- **पिता:** भृत भट्ट
- 10वीं शताब्दी के आसपास **मेवाड़ प्रदेश का शासक** बना।
- ख्यातों में **आलु रावल** भी कहा गया।
- **आहड़ को दूसरी राजधानी** बनाया।
  - आहड़ में एक **वराह मंदिर का निर्माण** करवाया।
- **देवपाल परमार** को परास्त करने में सफलता प्राप्त की।
- **माता राष्ट्रकूटों की कन्या** - इसलिये उसे राष्ट्रकूटों का सहयोग भी प्राप्त था।
- **हूण कन्या हरियादेवी** से विवाह किया।
  - हूणों का भी सहयोग प्राप्त था।

  माना जाता है की अल्लट ने सर्वप्रथम मेवाड़ में नौकरशाही का गठन किया।

नरवाहन

- अल्लट की मृत्यु के बाद नरवाहन मेवाड़ का शासक बना ।
- इसके समय का शिलालेख (971 ई.) एकलिंगजी में स्थित लकुलीश मंदिर में प्राप्त हुआ है, जिसमें मेवाड़ की राजधानी नागदा को ही बताया गया है।
- आहड़ शिलालेख 977 ई. के अनुसार नरवाहन पराक्रमी योग्य, कलाप्रेमी, धीर, विजय का निवास स्थान और क्षत्रियों का क्षेत्र, शत्रुहन्ता ,वैभव निधि तथा विद्या का वेदी था।
- नरवाहन शिव का उपासक था।
- आहड़ अभिलेख (आटपुर) 977 ई. के अनुसार नरवाहन का विवाह चौहान राजा जेजय की पुत्री से होना बताया गया है।
- नरवाहन का उत्तराधिकारी सालिवाहन बहुत कम समय के लिए ही शासन कर पाया।
- डॉ. गौरीशंकर हीराचंद ओझा के अनुसार इसके वंशजों ने ही भावनगर , पालिताना, रेवाकाण्ठा एवं राजपीपला में गुहिल वंश का शासन स्थापित किया था।

उत्पत्ति के सिद्धान्त [School Lect – 2024]

- डॉ. गौरी शंकर ओझा गुहिलों को सूर्यवंशी मानते हैं,
- डी.आर. भण्डारकर एवं गोपीनाथ शर्मा मेवाड़ के गुहिलों को ब्राह्मण वंश से मानते हैं।

जैत्रसिंह (1213-53 ईस्वी) [JEN – 2022]

- **चीरवा शिलालेख** में इन्हें एक शक्तिशाली शासक के रूप में वर्णित किया गया है।
- **मेवाड़-नाडौल** के बीच की लड़ाई समाप्त की।
  - नाड़ौल के शासक **उदयसिंह द्वारा पौत्री रूपादेवी का विवाह** जैत्रसिंह के पुत्र तेजसिंह से किया गया।
- इनके समय दिल्ली के सुल्तान **इल्तुतमिश** ने **नागदा** पर आक्रमण किया (संभवत: 1222 ई. - 1229 ई . के मध्य)।

भुताला का युद्ध: 1227 ईसवी
- जैत्रसिंह और इल्तुतमिश के मध्य हुआ।
- जैत्रसिंह जीत गए

- **जैत्रसिंह** ने तुर्की सेना को भागने के लिये विवश कर दिया (1222 ई. और 1229 ई.) ।
  - जैत्रसिंह ने इल्तुतमिश को परास्त कर दिया परन्तु इस अभियान में **मेवाड़ की राजधानी नागदा** को भारी नुकसान उठाना पड़ा।
    - इसी वजह से जैत्रसिंह ने अपनी **राजधानी नागदा से चित्तौड़ स्थानांतरित** किया।
- **जैत्रसिंह का काल** - मध्यकालीन मेवाड़ के इतिहास में स्वर्णकाल।
- चित्तौड़ के सामरिक महत्व को समझ चारों ओर प्राचीरों से सुरक्षित करवाया।

तेजसिंह (1253-1273 ई.)

- **जैत्रसिंह का पुत्र** - 1253 ई. में मेवाड़ की गद्दी पर बैठा।
- **उपाधि:** ''परमभट्टारक'', महाराजाधिराज और ''परमेश्वर'।
- उनकी **रानी जयतल्लदेवी** ने चित्तौड़ में श्याम पार्श्वनाथ के मंदिर का निर्माण करवाया।
- उन्हीं के समय "श्रावक प्रतिक्रमणसूत्रचूर्णि" लिखी गई।

दिल्ली के **सुल्तान गयासुद्दीन बलबन** ने मेवाड़ पर **आक्रमण** किया।
- परन्तु उसको सफलता नहीं मिली।

समरसिंह (1273 - 1302 ई.)

- **तेजसिंह का पुत्र** ।
- **8 शिलालेख** - अपना प्रभाव बनाने के लिये छोटे राज्य के संबंध में कठोर नीति का अनुसरण ।

- समरसिंह ने तुर्कों को गुजरात से निकाला और गुजरात का उद्धार किया।

- राज्य में **जीवहिंसा रोक** दी थी।
- एक धर्मनिष्ठ और धार्मिक दृष्टि से **सहिष्णु शासक**।
- **प्रसिद्ध शिल्पी और कलाकार** - पदमसिंह, केलसिंह, कल्हण, कर्मसिंह ।

साका = जौहर + केसरिया
- **जौहर** – यह राजस्थान की प्राचीन प्रथा है जिसमें महिलाएं अपने स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर देती थी।
- **केसरिया** – जब वीरों को लगता था कि वे युद्ध नहीं जीत पाएंगे तब मरने-मारने की भावना लेकर सिर पर केसरिया धारण करते थे और युद्ध में उतर जाते थे।

रावल समरसिंह	
कुंभकर्ण	रतनसिंह
नेपाल के गुहिल बंश की स्थापना	1302 ई. to 1303 ई.

चितौड़ का युद्ध (1303 ई.)
- मेवाड़ के शासक रावल रतनसिंह और दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के मध्य । [Raj police – 2018]
- **अलाउद्दीन के आक्रमण के कारण:**
  - चितौड़ का सामरिक महत्त्व
    - गुजरात, मालवा, मध्यप्रदेश आदि भागों के व्यापारिक मार्ग यही से होकर जाते थे।
  - अलाउद्दीन की साम्राज्यवादी लिप्सा ।
  - रत्नसिंह की खूबसूरत पत्नी पद्मिनी को प्राप्त करने का उद्देश्य।
- इस युद्ध का वर्णन अमीर खुसरो के ग्रंथ खाजाइन-उल-फुतूह में मिलता है। [2nd Grade -2023/Jen -2022]

- **रावल समरिसंह के दो पुत्र थे:**
  - **कुंभकर्ण**
    - उन्होंने नेपाल में गुहिल वंश की स्थापना की।
    - नेपाल का राजवंश यही से निकला।
    - नेपाल के शासको ने 'राणा' की उपाधि धारण की।
  - **रावल रतनसिंह**
    - वह समरसिंह के बाद मेवाड़ का शासक बना।
    - इसका शासनकाल 1302 ई.- 1303 ई. तक का था।

रतन सिंह (1302-1303 ई.)
- **समरसिंह का पुत्र** - 1302 ई. के आसपास चित्तौड़ का शासक बना।
- 1303 ई .में अलाउद्दीन ने धोखे से रतनसिंह को बंदी बना लिया और उसे बाद में गोरा-बादल और पद्मिनी ने मुक्त करवाया। [2nd Grade – 2023]

- रतनसिंह के चित्तौड़ के युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के पश्चात समूची रावल शाखा का अंत हो गया।
- मेवाड़ का रतनसिंह गुहिल वंशीय (गहलोत) रावल शाखा के अंतिम शासक थे। [जेल प्रहरी – 2017]

पद्मिनी की कथा
- **कथानक** मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा लिखित काव्य-ग्रन्थ पद्मावत से इस कथा का आरम्भ हुआ।
- सिंहल द्वीप के राजा **गन्धर्वसेन और रानी चम्पावती की पुत्री** थी।
- रतन सिंह के दरबार में तांत्रिक ब्राह्मण **राघव चेतन/ काला चेतन** ने खिलजी को पद्मिनी के बारे में बताया जिसकी वजह से अलाउद्दीन ने मेवाड़ पर आक्रमण किया।
- **मेवाड़ का प्रथम साका** - 1303 ईस्वी
  - पद्मिनी + 1600 अन्य औरतों ने **जौहर** कर लिया।
  - राजपूतों ने रतन सिंह के नेतृत्व में **केसरिया** धारण किया।

- चित्तौड़ पर विजय के पश्चात अलाउद्दीन ने चित्तौड़ को हस्तागत कर अपने बेटे खिज्र खां के नाम पर इसका नाम खिज्राबाद रखा और खिज्र खां को इसका प्रशासक बनाया। [PTI -2018/जेल प्रहरी - 2017]

गुहिल/गहलोत वंश की रावल शाखा के शासको का क्रम

बापा रावल-अल्लट -नरवाहन -जैत्रसिंह -तेजसिंह -समरसिंह -रतन सिंह [Raj Police – 2018]

सिसोदिया वंश एवं इसके प्रतापी शासक

हम्मीर (1326-1364 ई.)

- 1326 ई. में सिसोदा शाखा के राणा अरिसिंह के पुत्र **राणा हम्मीर** ने चित्तौड़गढ़ पर अधिकार कर लिया।
- इन्हें गुहिल वंश की सिसोदिया शाखा के आदिपुरुष कहा जाता है [पशुधन सहायक – 2022]
- **महाराणा/ राणा की उपाधि** धारण की।
- उसे कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति में हम्मीर को **विषम घाटी पंचानन** कहा गया [REET -2022]
  - **रसिक प्रिया** - "वीर राजा"
- उसने कई पड़ोसी राजाओं को हटाया और उनके **मैत्री संबंध** स्थापित किये।
- उसने चित्तौड़ में अन्नपूर्णा माता का मंदिर बनवाया।

- हम्मीर को **"मेवाड़ का उद्धारक"** कहा जाता है। [ATP – 2023]
- **सिंगोली (बाँसवाड़ा) का युद्ध**
  - हम्मीर और मुहम्मद बिन तुगलक के मध्य।
  - मुहम्मद बिन तुगलक परास्त हुआ।

क्षेत्रसिंह/ राणा खेता (1364-1382 ई.)

- **हम्मीर का ज्येष्ठ पुत्र**।
- अजमेर, जहाजपुर, माण्डल और छप्पन को अपने साम्राज्य का हिस्सा बनाया।
- **हाड़ौती के हाड़ाओं** को दबाया ।

लक्षसिंह (राणा लाखा) (1382-1421 ई.)

- राणा क्षेत्रसिंह के पुत्र।
- उनके समय **उदयपुर की पिछोला झील** का निर्माण छीतर बंजारे ने करवाया था।
- उसी के समय **जावर की खानों में चाँदी** का उत्खनन हुआ जिससे उसने कई किलों का निर्माण करवाया। [Jen -2022]
- **डोडिया राजपूतों** को अपने यहाँ आश्रय देकर उसने **राजपूत शक्ति को संगठित** करने का कार्य किया।

राणा चुंडा - 'मेवाड़ का भीष्म पितामह'

- इतिहास में उन्हें सिंहासन पर अपने अधिकारों का बलिदान देने और अपने वादे को निभाने के लिए जाना जाता है

- **राणा लाखा ने चूंडा** को **मोकल का रक्षक** नियुक्त किया।
- यह नियम बना दिया कि भविष्य में मेवाड़ के महाराणाओं के सभी पट्टों, परवानों और सनदों पर चूंडा और उसके वंशजों के भाले का निशान अंकित रहेगा।
- **चूंडा** को **अन्य अधिकार** भी दे दिए गए जैसे-
  - मेवाड़ के **16 ठिकानों में से 4** (सलूम्बर सहित) **चूंडा** को दे दिए गए।
  - **सलूम्बर का सामंत** ही मेवाड़ के राजा का राज्याभिषेक करेगा।
  - सलूम्बर का सामंत मेवाड़ सेना का सेनापति होगा।
  - राणा की अनुपस्थिति में सलुम्बर का सामंत **राजधानी की रक्षा** करेगा।

मोकल (1421-1433 ई.)

- महाराणा लाखा की मृत्यु के समय **मोकल केवल 12 वर्ष** का था।
  - अतः राजकार्य **चूंडा की देखरेख** में किया जाता था।
- चित्तौड़ में **विष्णु मंदिर** (द्वारिकानाथ) का निर्माण करवाया और **परमार भोज** द्वारा बनवाए गए त्रिभुवन **नारायण** (मोकल का मंदिर/ समाधिश्वर मंदिर) का जीर्णोद्धार करवाया।
- **श्री एकलिंग जी के मंदिर** के चारों ओर परकोटा बनवाया।
- **झीलवाड़ा** में **चाचा, मेरा, और महपा पंवार** द्वारा उसकी हत्या कर दी गयी।

महाराणा कुम्भा (1433-1468 ई.)

- **मोकल** एवं **सौभाग्यदेवी** का ज्येष्ठ पुत्र
- **रक्षक**: रणमल
- उसका **काल** - मेवाड़ के इतिहास में कला, साहित्य और स्थापत्य के क्षेत्र में **स्वर्ण युग** ।
- दो पीढ़ियों से **राठौडों का प्रभाव** जो मेवाड़ को जकड़े हुये था उससे छुटकारा दिलाने का श्रेय **महाराणा कुम्भा** हो ही जाता है।
- मेवाड़ के सरदारों ने **रणमल की प्रेयसी भारमली** को भी अपनी ओर मिलाकर **रणमल की 1438** ई .**में हत्या** करवा दी।
- इस प्रकार उन के **कूटनीतिक प्रयास** सफल रहे और मेवाड़ पर **राठौड़ों का प्रभाव कम** हो गया।

प्रारम्भिक विजय

- **रणकपुर के एक शिलालेख के अनुसार** कुम्भा ने सारंगपुरा, नागौर गागरोन, नरायण, अजयमेरू, मण्डोर, मांडलगढ़, बूँदी आदि किलों पर अधिकार कर लिया।
- पश्चिम में आबू को जीतकर गुजरात की ओर से अपनी स्थिति मजबूत की।
- कुम्भा ने पूर्व में हाड़ौती को अपने राज्य में शामिल कर अपनी सीमाओं को पूर्वी भाग तक विस्तृत किया।
- मालवा के सुल्तान महमूद खिलजी को राणा कुंभा ने कई बार पराजित किया था [Raj Police 2020]

सारंगपुर का युद्ध - 1437 ईस्वी

- कुम्भा और मालवा (मांडू) के सुल्तान महमूद खिलजी के मध्य हुआ। (विजयी -कुम्भा) [JEN -2022]
- तत्कालीन कारण –
- मालवा के महपा पँवार को मेवाड़ को सौंपने से इंकार [ATO – 2021]
- इस उपलक्ष्य में राणा ने चित्तौड़ में **विजय स्तंभ** का निर्माण करवाया।
- **मालवा और गुजरात** की **संयुक्त सेनाओं** ने बाद में महाराणा को हटाने में सफलता प्राप्त की।

कुम्भा की उपाधियां [JEN /ARO -2022/Patwar -2021]

- अभिनव भारताचार्य. हिन्दू सुरताण (मुस्लिम शासकों द्वारा दी गई उपाधि), राणेराय, रायरासो/राणो रासो/ रायरायण (साहित्यकारों का आश्रयदाता), राजगुरू, हालगुरू / शैलगुरू (पहाड़ी दुर्गों का स्वामी), दानगुरू, छापगुरु (छापामार में पारंगत), चापगुरू, परमगुरू, धीमान, टोडरमल, सुरग्रामणी, रावराय , चाणेराय , महाराजाधिराज, नरपति, अश्वपति, गजपति, वीणा, वादन प्रवीण

आवल-बावल की संधि - 1453 ईस्वी

- कुम्भा + जोधा के मध्य हुई।
- मंडोर जोधा को वापस दे दिया गया।
- सोजत - मेवाड़ और मारवाड़ के मध्य सीमा स्थापित की गई ।
- कुम्भा के बेटे रायमल का विवाह जोधा की बेटी श्रृंगार कँवर से किया गया।

कुम्भा एवं गुजरात

नागौर युद्ध (1456 ई.)

- नागौर के पहले युद्ध में शम्सखां की सहायता के लिए भेजे गए गुजरात के सेनापति रायरामचंद्र व मलिक गिदई महाराणा कुम्भा से हार गए थे।
- नागौर के प्रथम युद्ध में राणा की जीत हुई और उसने नागौर के किले को नष्ट कर दिया।

बदनौर का युद्ध 1457

- इस युद्ध मे एक तरफ मालवा के शासक महमूद खिलजी, गुजरात के शासक शाह और दूसरी तरफ महारणा कुंभा थे।
- इस युद्ध में महाराणा कुंभा विजयी हुआ। इस विजय के उपलक्ष्य मे कुंभा ने बदनौर (ब्यावर) मे कुशाल माता का मंदिर बनवाया। इस विजय के उपलक्ष्य में महारणा कुंभा ने कुंभलगढ़ का किला बनवाया।

मालवा-गुजरात का संयुक्त अभियान/ चंपानेर की संधि (1456 ईस्वी)

- मालवा शासक महमूद खिलजी और गुजरात शासक कुतुबुद्दीन शाह के मध्य राणा कुम्भा के विरुद्ध। [वनरक्षक – 2022]
- उद्देश्य: कुंभा की शक्ति का पतन करना।
- दोनों राज्यों की सेनाओं ने बदनौर नामक स्थान पर राणा कुंभा से संघर्ष किया।
- कीर्ति-स्तम्भ-प्रशस्ति व 'रसिक प्रिया' के अनुसार इस मुकाबले में कुम्भा विजयी रहा।

नागौर-विजय (1458 ईस्वी)

- कुम्भा ने 1458 ई. में नागौर पर आक्रमण किया जिसका कारण श्यामलदास के अनुसार-
  - नागौर के हाकिम शम्सखां और मुसलमानों द्वारा बहुत गो-वध करना।
  - मालवा के सुल्तान के मेवाड़ आक्रमण के समय शम्सखां ने उसकी महाराणा के विरुद्ध सहायता की थी।
  - शम्सखां ने किले की मरम्मत शुरू कर दी थी। अतः महाराणा ने नागौर पर आक्रमण कर उसे जीत लिया।
  - नागौर विवाद ही मेवाड़ – गुजरात संघर्ष का प्रारंभिक कारण था [College Lect – 2019]

कुम्भलगढ़-अभियान (1458 ईस्वी)

- कुतुबुद्दीन का 1458 ईस्वी में कुम्भलगढ़ पर अंतिम आक्रमण हुआ जिसमें उसे कुम्भा से पराजित होकर लौटना पड़ा।

महमूद बेगड़ा का आक्रमण (1459 ईस्वी)

- कुतुबुद्दीन के बाद महमूद बेगड़ा गुजरात का सुल्तान बना।
- उसने 1459 ई. में जूनागढ़ पर आक्रमण किया।
- वहाँ का शासक कुम्भा का दामाद था।
  - अतः महाराणा उसकी सहायतार्थ जूनागढ़ गया और सुल्तान को पराजित कर भगा दिया।

महाराणा कुम्भा की सांस्कृतिक उपलब्धियाँ

- उन्होंने 84 में से **32 किलों का निर्माण** करवाया।
  - **बसंती दुर्ग** (सिरोही के निकट)**, बैराट दुर्ग** (बदनौर के निकट), **अचलगढ़ दुर्ग** (आबू), **कुम्भलगढ़ दुर्ग** (राजसमंद), मचान दुर्ग [Lab Ass – 2022/ HM – 2018]
- **अचलगढ़ दुर्ग**
  - केन्द्रीय शक्ति को पश्चिमी क्षेत्र में अधिक सशक्त बनाने हेतु और सीमान्त भागों को सैनिक सहायता पहुँचाने हेतु आबू में 1509 में बनवाया गया। [Raj Police -2014]
- **कुम्भलगढ़ का दुर्ग**
- राणा कुम्भा को "राजस्थान की स्थापत्य कला का जन्मदाता" कहा जाता है। [JEN – 2021]
  - **शिल्पी -** मण्डन। [2nd Grade -2023]
    - **महत्वपूर्ण रचनाएँ-** देवमूर्ति प्रकरण, प्रसाद मण्डन, राजवल्लभ, रूपमण्डन, वास्तुमण्डन, वास्तुशास्त्र आदि।
  - **किले के अंदर लघु दुर्ग -** कटारगढ़ दुर्ग।
    - सबसे ऊँचा स्थान
    - कुम्भा का निवास
    - मेवाड़ की आँख भी कहा जाता है

विजय स्तंभ [Patwar – 2021/वनरक्षक - 2022]

- स्थापत्यकार- जैता, नापा और पूंजा
- प्रशास्तिकार कवि अत्रि
- इस स्तम्भ को "भारतीय मूर्तिकला का विश्वकोश" कहा जाता है।
- मालवा और गुजरात की सेना पर विजय के उपलक्ष्य में [3rd Grade -2023/Raj Police – 2020]
- डाक टिकट जारी – 1949 ई. [CET – 2023]
    - **कुम्भा की स्थापत्य कला का श्रेष्ठ उदाहरण** ।
    - **मामादेव का मंदिर** और **पृथ्वीराज का स्मारक** बहुत प्रसिद्ध है।
    - **अबुल फजल** के अनुसार "यह दुर्ग इतनी ऊँचाई पर स्थित है कि ऊपर देखने पर पगड़ी भी सिर से नीचे गिर जाती है"।
    - **कीर्ति स्तम्भ** - 1460 में निर्मित स्थापत्य का एक उत्कृष्ट नमूना।
        - **रचयिता-** कवि अत्रि और महेश
        - इसकी तीसरी मंजिल पर अरबी में 9 बार अल्लाह शब्द लिखा हुआ है।
- **कुम्भा कालीन मंदिर:**
    - **प्रसिद्ध:** कुम्भास्वामी मंदिर, श्रृंगारचंवरी मंदिर (चित्तौड़), मीरा मंदिर, रणकपुर का जैन मंदिर।
- वह स्वयं **वीणा वादक** थे। [Lab Ass – 2016]
    - गुरु : सारंग व्यास
- उनके द्वारा **लिखी गई किताबें** :
    - सूडप्रबंध, संगीत सुधा, संगीतराज (5 भाग), संगीतमीमांसा ।
    - चण्डीशतक की व्याख्या, गीतगोविन्द की रसिक प्रिया टीका और संगीतरत्नाकर की टीका।

- रणकपुर का जैन मंदिर 1439 ई. में एक जैन श्रेष्ठि धरनक ने करवाया था।
- रणकपुर का चौमुखा मंदिर (आदिनाथ) का निर्माण पाक नामक शिल्पी के निर्देशन में हुआ ।

- **कुम्भा द्वारा रचित अन्य ग्रंथ**: [CET -2023/ ARO -2022]
    - कामराज रतिसार (7 अंग) [JEN – 2022]
    - सुधा प्रबंध - रसिक प्रिया का पूरक ग्रन्थ [JEN -2017]
    - राजवर्णन - एकलिंग माहात्म्य का प्रारम्भिक भाग
    - संगीतक्रम दीपिका
    - नवीन गीतगोविन्द वाद्य प्रबंध
    - हरिवार्तिक
    - नृत्यरत्नकोष
- **मण्डन के भाई नाथा** ने वास्तुमंजरी और मण्डन के पुत्र गोविन्द ने **उद्धार घोरणी**, **कलानिधि** तथा **द्वारदीपिका** नामक ग्रन्थों की रचना की थी।
- **प्रसिद्ध जैन विद्वान**: सोम सुन्दर, मुनिसुन्दरसूरी, जयचन्द्रसूरी, सोमदेव, भुवनसुन्दरसूरि, सुन्दरसूरि, माणिक्य, सुन्दरगणि, टिल्ला भट्ट, नाथा आदि। [Sup Garden - 2021]

- कुम्भा की पुत्री रमाबाई को उनके संगीत प्रेम के लिए 'वागीश्वरी' कहा जाता है।

- **दरबारी साहित्यकार**
    - मंडन - उन्होंने देवमूर्ति प्रकरण, प्रासाद मंडन, राजवल्लभ / भूपतिवल्लभ, रूपमंडन, वास्तुमंडन, वास्तुशास्त्र और वास्तुकार लिखी।
    - मंडन के पुत्र गोविन्द - उद्धारधोरणी, कलानिधि, द्वारदीपिका
    - मेहा कुम्भा
    - हीरानन्द मुनि (कुंभा इन्हें अपना गुरु मानते थे उन्हें कविराज की उपाधि दी)
    - कान्ह व्यास - एकलिंगमाहात्म्य के लेखक

- कुम्भा की पुत्री रमाबाई को उनके संगीत प्रेम के लिए 'वागीश्वरी' कहा जाता है।

महाराणा कुम्भा की मृत्यु

- **उन्माद का रोग** से पीड़ित ।
- **पुत्र उदा (**उदयकरण**)** ने 1468 ईस्वी में 'मामादेव तालाब' के किनारे उनकी **हत्या** कर दी ।

रायमल (1468-1509 ई.)

- **जावर के पास लड़ाई** में उदा को पराजित कर उसने 'दाड़िमपुर विजय' प्राप्त की और चित्तौड़ पहुँच गया।
- **पिता:** कुम्भा
- मेवाड़ी सामंतों को एक सूत्र में बाँधकर अनेक विजय प्राप्त की।
- **अद्भुतजी के मंदिर** का निर्माण करवाया और **एकलिंग जी मंदिर** का उद्धार करवाया।
- **प्रमुख शिल्पी** - अर्जुन
- **विद्वान** - गोपाल भट्ट और महेश
- उनकी रानी श्रृंगारदेवी ने घोसुण्डी की बावड़ी बनवाई।

पृथ्वीराज

- **रायमल का पुत्र**।
- उन्हें "**उड़ना राजकुमार**" कहा जाता था ।
- उन्होंने अजमेर के किले का नाम बदल कर अपनी **पत्नी तारा के नाम पर तारागढ़** कर दिया ।
- उनका स्मारक **कुम्भलगढ़ दुर्ग** में है ।

जयमल

- रायमल का पुत्र ।
- **सोलंकियों से लड़ाई** में उनकी मृत्यु हो गई ।

संग्राम सिंह प्रथम / महाराणा सांगा (1509ई .- 1528ई.)

- रायमल का पुत्र ।
- वह अपनी सूझबूझ और सभी विरोधियों को दूर करने के बाद **मेवाड़ का शासक** बना।
- उस समय दिल्ली में **सिकंदर लोदी**, गुजरात में **महमूद शाह बेगड़ा** और मालवा में **नासिरूद्दीन** का शासन था।